卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 6 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦12 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

शंख और डमरू बजाकर मोदी ने की पूजा अर्चना

पीएम मोदी ने आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के किये दर्शनप्रार्वती कुंड पर की साधना, स्थानीय लोगों से भी मिले

पिथौरागढ/अल्मोड़ा (उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरूवार को उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिथौरागढ़ के पार्वती कुंड में पूजा-अर्चना की। साथ ही पारंपरिक संगीत वाद्य यंत्र पर भी हाथ अजमाया। उन्होंने स्थानीय काकारों के साथ ही भारतीय सेना, आईटीबीपी और बीआरओ कर्मियों के साथ बातचीत भी की। बाद में उन्होंने प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में भी पूजा अर्चना की और स्थानीय लोगों से बात की। एक दिवसीय दौरे के तहत गुरूवार सुबह पीएम मोदी सबसे पहले भारत-चीन सीमा पर स्थित पिथौरागढ़ जिले में पहुंचे। आदि कैलाश पहुंचने पर प्रधानमंत्री का बेस कैंप में सेना के अधिकारियों ने स्वागत किया। बेस कैंप से प्रधानमंत्री मोदी सड़क मार्ग से पार्वती सरोवर स्थित शिव मंदिर पहुंचे। यहां पर रं समाज के लोगों ने पीएम को पारंपरिक परिधान रंगा व्यंथला पहनाया। पीएम मोदी ने यहां आदि कैलास के दर्शन कर ध्यान लगाया। इस दौरान, पीएम मोदी ने पार्वती कुंड में भी पूजा-अर्चना भी की। पीएम मोदी ने गुंजी गांव पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों की भी जमकर सराहना की। इसके बाद भारतीय सेना और आईटीबीपी के जवानों के बीच पहुंचकर पीएम मोदी ने उनकी हौसला-अफजाई की। बता दें कि आदि कैलास यात्रा के पड़ाव में गुंजी गांव भी पड़ता है। आदि कैलास पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को एक साल पहले तक चीन से होकर गुजरना पड़ता था। लेकिन, अब श्रद्धालु भारत के पिथौरागढ़ जिले से ही आदि कैलास यात्रा पर जा सकते हैं। देश की आजादी के बाद उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदि कैलास के दर्शन करने वाले पीएम मोदी पहले प्रधनमंत्री हैं। हालांकि, इससे पहले भी वह पिथौरागढ़ जिले में आ चुके हैं। छह साल पहले 2017 में विधानसभा चुनावों के समय जनसभा में पहुंचे थे। पीएम मोदी के आज दौरे को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच पीएम मोदी ने आज भक्ति भावना से ओत प्रोत नजर आये। पार्वती कुंड में पूजा अर्चना के दौरान पुजारी ने प्रधानमंत्री को टीका लगाया। इसके बाद उन्होंने मंदिर में शंख ध्वनि कर पूजा अर्चना की। डमरू बजाकर भगवान शिव की आराधना की। इसके बाद व्यू प्वाइंट से आदि कैलाश की भव्यता के दर्शन किए। इसके बाद पीएम मोदी ने प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर जिला प्रशासन और मंदिर समिति की ओर से पीएम मोदी को भेंट स्वरूप ताम्र प्रतिमा दी गयी। ताम्र प्रतिमा में जागेश्वर मंदिर के साथ शिव-पार्वती की आकर्षक तस्वीर उकेरी गई है। प्रधानमंत्री ने जागेश्वर में कुमाऊंनी व्यंजनों का स्वाद भी लिया। जागेश्वर धाम में पीएम मोदी ने पूजा-अर्चना के बाद टीआरसी में बने सेफ हाउस में कुछ देर विश्राम भी किया। बाद में पीएम मोदी पुन: पिथौरागढ़ के लिए रवाना हुए।

सनातन धर्म सभा के पूर्व अध्यक्ष हरिचंद मिड्डा का निधन



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति हरिचंद मिड्डा का बृहस्पतिवार तड़के निधन हो गयां उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। निधन का समाचार सुनकर सैकड़ों लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। दोपहर को गममीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। कई वर्षों तक श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ समाजसेवी हरिचंद मिड्डा ने बृहस्पतिवार तड़के 3.20 बजे अंतिम सांस ली। उनके आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। सुबह उनके निवास पर शोक श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। तमाम राजनैतिक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट की। दोपहर को किच्छा रोड स्थित मोक्षधाम में गमगीन माहौल में स्व. मिड्डा का अंतिम संस्कार किया गया। (शेष पृष्ठ सात पर)

रस्म पगड़ी

बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय **श्री सतपाल अरोरा पुत्र स्व. श्री कस्तूरी लाल अरोरा** दिनांक 04.10.2023 को इस नश्वर संसार को छोड़कर प्रभु चरणों में लीन हो गये हैं, उनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी दिनांक 13.10.2023 दिन शुक्रवार** को दोपहर 1.30 से 3.00 बजे तक **श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (पांच मंदिर) रूद्रपुर** में सम्पन्न होगी।

दुखित परिवार

स्व. रतन लाल अरोरा-श्रीमती सुषमा अरोरा(चाचा-चाची)
स्व. अशोक अरोरा-श्रीमती विमला अरोरा (भाई-भाभी)
एडवोकेट यशपाल अरोरा-श्रीमती सीमा अरोरा (भाई-भाभी)
नीलम ढींगरा-रविन्द्र कुमार ढींगरा (बहन-बहनोई)
श्रीमती वीना गिरधर-सुनील गिरधर (बहन-बहनोई)
अल्का अरोरा-राजीव अरोरा (बहन-बहनोई)
गौरव अरोरा-पल्लवी अरोरा (भतीजा-बहु)
श्रीमती रिया सिक्का-हरप्रीत सिक्का (पुत्री-दामाद)

श्रीमती शारदा अरोरा (पत्नी)
सागर अरोरा-अंशु अरोरा (पुत्र-पुत्रवधु)
रोचक अरोरा-राधिका अरोरा(पुत्र-पुत्रवधु)
आयुष अरोरा (पुत्र)
प्रतिष्ठान: मै. वैट प्वाइंट,
मै. आर.के. डिस्पोजल,
मै. आर के. फुटवियर,
मै. आर के इंटरप्राईजेज

मो.9837082700, 9639423602, 9837684845

उधार दिये पैसे वापस मांगने पर किया पथराव, तीन घायल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उधार के तीन सौ रूपये वापस मांगने पर युवक और उसके साथियों ने ईट पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल युवक के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में रम्पुरा वार्ड नं 23 निवासी घनश्याम कोली पुत्र राम प्रसाद कोली ने बताया कि उसके पुत्र पंकज कोली को विवेक कोली पुत्र पप्पू निवासी रम्पुरा, वार्ड नं0-24 से मात्र 300 रूपये प्राप्त करने थे । विगत रात्रि जब पंकज ने उक्त विवेक कोली से पैसों की मांग की तो उक्त विवेक कोली ने पैसे देने से साफ इन्कार कर (शेष पृष्ठ सात पर)

श्रद्धांजलि

तृतीय पुण्य तिथि

स्व. श्री प्रेम प्रकाश मेंदीरत्ता जी (एडवोकेट)
27-08-1940 I 12-10-2020

शोकाकुल परिवार

चंचल मेंदीरत्ता (पत्नी),अमित मेंदीरत्ता (एडवोकेट) –
रश्मि मेंदीरत्ता (पुत्र–पुत्रवधु), रूपाली–मनीष सलूजा (पुत्री–दामाद)
निकुंज–सान्या, मानवी–रितिक
FkE I &ch 001 vkeD I fjojk] :nziqjA
fof/k fuokj.k ykW Qe] ,evkj,Q yu] 182@2
vkokl fodkl] :nziqj
ek-9837094007]9997920220]6396535376

आनंदखेड़ा से मकरंदपुर को जोड़ने वाले मार्ग का शुभारंभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने आनंदखेड़ा नं 2 में 600 मीटर राज्य योजना से स्वीकृत आंतरिक मार्ग के निर्माण का फीता काटकर शुभारंभ किया, जो आनंदखेड़ा नं 2 से मकरंदपुर को जोड़ेगा। इस दौरान ग्राम आनंदखेड़ा पहुँचे पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा का स्थानीय लोगों द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया। वहीं विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से इस 600 मीटर हॉटमिक्स मार्ग के निर्माण से अनादखेड़ा व इसके आस पास के लोगो को इसका काफी लाभ मिलने वाला तो वही इस मार्ग के निर्माण की काफी जरूरत थी क्योंकि इससे पहले यह काफी जर्जर हालत में था। निश्चित रूप से बरसात के चलते इन मार्गो के निर्माण कार्य सम्भव नही हो पा रहे थे तो वही अब इसके अलावा भी ग्रामीण क्षेत्र कई और महत्वपूर्ण मार्गो का कार्य जल्द आरम्भ होने वाले है। विधायक शिव अरोरा ने कहा क्षेत्र में तेज गति से विकास कार्य गतिमान है और प्रदेश की धामी सरकार लगातार रुद्रपुर विधानसभा में अनेको विकास कार्यो को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है, वही आने वाले समय मे इसके परिणाम हमको धरातल पर नजर आने वाले हैं। विधायक शिव अरोरा ने कहा क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से रुद्रपुर में ओर तेज गति से कार्य होने वाले है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जगदीश विश्वास, आयुष चिलाना, मनोज राय, बूथ अध्यक्ष विपुल नारंग, रमेश राय, कौमुद मालाकार, दलबीर सिंह, सुभाष चन्द्र, परितोष,गौरव व अन्य लोग मौजूद रहे।

रम्पुरा रामलीला में विधायक अरोरा को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा शिवचौरासी घण्टा मन्दिर में चल रही भव्य रामलीला में पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा का स्थानीय कार्यकताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शिव अरोरा ने प्रभु श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की और समस्त क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। रामलीला कमेटी द्वारा विधायक शिव अरोरा को रामदरबार भेट कर समान्नित किया गया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने रम्पुरा में विगत कई वर्षों से रामलीला के इस सुंदर मंचन में आना रहा है, यहाँ की जनता में प्रभु श्रीराम के प्रति भक्तिमय वातवरण और प्रेम भाव देखते ही नजर आता है। हजारो की संख्या में लोग सपरिवार रामलीला देखने आते हैं जो दर्शाता है कि हमारे हिन्दू समाज में अपने आराध्य के प्रति कितनी आस्था है। उन्होंने कहा निश्चित रूप से यह एक अच्छी बात है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को भी अपनी सनातन संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। जिससे हमारा समाज मजबूती से आगे बढ़ेगा। विधायक ने सुंदर आयोजन हेतु रामलीला कमेटी के सदस्यों को शुभकामनाएं दी और कहा इस समय पूरे क्षेत्र में जगह जगह रामलीला आरंभ हो चुकी है। इस शुभ अवसर पर विधायक ने कहा कि हमारा क्षेत्र प्रभु श्रीराम की कृपा से निरंतर आगे बढे ओर क्षेत्रवासियों पर श्रीराम की कृपा बनी रहे। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, सशील यादव, सोनू अनेजा, उमेश पसरीचा, यादराम कोली, लालमन कोली, संदीप बाजवा, राजेश पप्पल, मन्दीप वर्मा, राजकुमार कोली, गिरीश पाल, विपिन कोली, मनोज मदान, ज्योति सिंह,त्रिलोक कोली, नीलकांत, शिवकरन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा से पूर्व मार्ग निर्माण होने पर होगा मेयर का स्वागत : दिलीप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी 19 अक्टूबर से ट्रांजिट कैंप के नेताजी सुभाष पार्क स्थित श्री दुर्गा मंदिर में प्रारम्भ हो रहे सार्वजनिक श्री श्री शारदीय मां दुर्गा पूजा महोत्सव आयोजन से पूर्व कार्यक्रम स्थल की ओर आने वाले मार्गों का निर्माण पूर्ण कराए जाने पर आयोजन कमेटी द्वारा मेयर रामपाल सिंह का भव्य स्वागत किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सार्वजनिक श्री श्री दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने बताया कि कमेटी द्वारा मेयर से दुर्गा पूजा महोत्सव प्रारंभ होने से पूर्व मंदिर की ओर आने वाले सभी मार्गों का निर्माण कराने का आग्रह किया गया था। जिसे स्वीकार करते करते हुए मेयर रामपाल ने स्वयं अपने सामने निर्मित होने वाले मार्गों की नाप जोख कराकर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया था। अब समय रहते निर्माण कार्य पूरा होने पर कमेटी मेयर को सम्मानित करेगी। इस दौरान सचिव महेश राय, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहा, उपाध्यक्ष अमन सरकार, विजय डे, उप सचिव रोहित अधिकारी, किशोर डे, अभिजीत दास, अर्जुन विश्वास, चंद्रशेखर गांगुली, राय चक्रवर्ती, शुभम दास, बिट्टू ढाली, राज सरकार, राकेश दास, मानस बैरागी, चीनू, अर्जुन गंगवार, दिनेश तोमर, प्रभाष स्वर्णकार, परिमल राय, तरुण दत्ता, अजीत साहा, राजकुमार साहा, विधान राय, देवाशीष मंडल, मोनू ठाकुर आदि मौजूद थे।

रुद्रपुर डेवलपर एवं रियल्टर्स की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर डेवलपर एवं रियल्टर्स की एक बैठक सिटी क्लब में अध्यक्ष तजेंद्र सिंह विक्की की अध्यक्षता में आयोजित हुई। यह जानकारी देते हुए संगठन के मीडिया प्रभारी सचिन मुंजाल ने बताया कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा कर सर्व सम्मति से कई निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान रजिस्ट्रेशन प्रारंभ किए गए। जिसमें कुछ लोगों द्वारा रजिस्ट्रेशन फीस 1100 रुपए जमा की गई । कुछ लोग आने वाले दिनों में कर देंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ ही संगठन को चलाने पर भी विस्तार से विचार विमर्श किया गया। सभी ने एक स्वर में कहा कि सभी पदाधिकारी एवं सदस्य आपस में मिलजुल कर कार्य करेंगे। संगठन के विस्तार के लिए प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन के साथियों को अपने साथ जोड़ने पर भी चर्चा की गई। मीडिया प्रभारी सचिन मुंजाल द्वारा बताया गया हर महीने की एक से 8 तारीख के बीच एक तारीख निश्चित कर ली जाएगी। उस दिन संगठन की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में व्यापार मंडल महानगर इकाई के आगामी चुनाव पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। जिसमे तय किया गया कि चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद बैठक आयोजित करके आपसी विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान भविष्य में सामाजिक कार्यों में भागीदारी करने पर पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में अध्यक्ष तजेंद्र घई विक्की, मनोज अग्रवाल, आशु गंभीर, दीपक चराया, अनिल गुप्ता, शमशेर सिंह, रजनीश ग्रोवर, अमृत चीमा, बबलू सिंह राणा, सुरेश कुमार, मनमोहन सिंह, जुगल किशोर कक्कड़, राजेश कुमार व मीडिया प्रभारी सचिन मुंजाल आदि लोग उपस्थित थे।

बाल अधिकारों पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल अधिकारों पर जागरूकता हेतु उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ0 गीता खन्ना की अध्यक्षता में संवेदीकरण व जागरुकता हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित एपीजे. अब्दुल कलाम सभागार में किया गया।कार्यशाला का शुभारम्भ मा0 अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उन्होने कहा कि जब से बाल संरक्षण आयोग के पद की जिम्मेदारी मिली है मुझे मेरी सबसे बड़ी खुशी इस बाल विधान सभा का गठन करने में होती है। उन्होने कहा कि मेरी बाल विधायिका सर्मपण भाव से मेरे दूत का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि बाल विधायिकाओं के कार्यो पर मैं सबसे ज्यादा गर्व महसूस करती हूँ। उन्होने बाल विधायिकाओं से कहा कि आपको एक राज नेता नही बल्कि एक अच्छा लीडर बनना है। उन्होने कहा कि देश के प्राधानमंत्री द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के अधिकारों के लिए एक लीडर के तौर पर अनेकों कार्य किये जा रहे हैं। उन्होने अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति के अनुसार देश भर में प्रतिवर्ष दो बार कन्यापूजन कर भी बालिकाओं का सम्मान किया जाता है। सदस्य दीपक गुलाटी ने नौनिहालों को अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए अनुशासन व संस्कारवान शिक्षा की उपयोगिता के बारे में विचार रखे। और कहा कि जहां बेटियों और मातृ शक्ति की पूजा होती है वहां ईश्वर स्वंय निवास करते है और आने वाला समय हमारी बेटियों का ही है। मा0 सदस्य विनोद कपरवाण ने भी आयोग द्वारा किये गये कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सदस्य श्रीमती सुमन रॉय ने महिला सश्क्तिकरण पर विशेष गौर देने की आवश्यकता बतायी और कहा कि बच्चों की प्रथम पाठशाला माता-पिता होते हैं।कार्यशाला के उपरान्त अध्यक्ष ने संबन्धित विभागों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने जिला कार्यक्रम अधिकारी व जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही महिलाओं/बालिकाओं के लिए योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। ताकि किसी भी क्षेत्र में योजनाओं से वचिंत रह रही महिलाए व बालिकायें बड़-चड़ कर योजनाओं का लाभ ले सकें।बैठक में उपस्थित आयोग की सदस्य रेखा रौतेला, अनुसचिव एस.के.सिंह, डीपीओ. उदय प्रताप सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, मुख्य शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र आर्या, एसीएमओ डा0 राजेश आर्या, बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमा काण्डपाल, विभिन्न विद्यालयों से आये प्रधानाचार्य, अध्यापकगण व समस्त बालिकाऐं उपस्थित थीं।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ काशीपुर में रामलीला का हुआ शुभारंभ

काशीपुर(उद संवाददाता)। श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित होने वाली रामलीला मंचन का वैदिक मंत्रोच्चार व विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। रामलीला मंचन का शुभारंभ पूर्व सांसद व दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री बलराज पासी, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने श्री राम के चरित्र और उनके आदर्श को भारतीय संस्कृति का गौरव बताया। पहले दिन नारद मोह व रावण वेदवती संवाद का मंचन किया गया। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने भगवान श्री राम की स्तुति की। रामलीला मंचन के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में रामलीला कमेटी अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, महेश अग्रवाल,पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, डॉ गिरीश चंद्र तिवारी,पंडा विकास अग्निहोत्री,मनोज अग्रवाल, अभिषेक गोयल, मनोज पंत,संजय चतुर्वेदी, मुकेश शर्मा,मनोज कौशिक,प्रेम शर्मा, मुकेश जोशी आदि शामिल रहे।

सड़क पर ईटों का कारोबार करने वाले पर केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सड़क पर ईटों का कारोबार करना एक व्यवसायी को भारी पड़ गया। पुलिस ने मामले में ईट व्यवायी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रामपुर- रुद्रपुर हाईवे पर उमरूद्दीन पुत्र गुलाम हुसैन निवासी सीर गोटिया ने सड़क पर ईटें रखकर व्यवसाय किया जा रहा था जिससे सड़क पर यातायात बाधित हो रहा था। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जब उमरूद्दीन से इस प्रकार सड़क पर रखी ईट के बारे में पूछा गया तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिस पर पुलिस ने सड़क पर ईट रखकर मार्ग को अवरूद्ध करने के आरोप में उमरूद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

करन माहरा और यशपाल आर्य का किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।काशीपुर उधम सिंह नगर में कुमायूं मंडल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण मेहरा और सीएलपी लीडर वरिष्ठ कांग्रेस नेता यशपाल आर्य से मुलाकात की और बुके देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पीसीसी परिमल राय और पूर्व प्रधान विजय यादव सहित कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने कांग्रेस के संगठन पर बिंदुवार चर्चा की। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कहा की आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जिताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

बाल श्रम करने वाले बच्चों को चिन्हित करें: डीएम

जिले में बाल गणना का डाटा तैयार करें और औद्योगिक,खनन, गांव, शहर एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया जाए

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बालगणना स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वन विभाग से समन्वय स्थापित कर वन क्षेत्र के भीतर स्थित डेरों/बस्तियों का विकास खण्डवार डाटा एकत्र कर वन गुर्जर क्षेत्र के बच्चों की बाल गणना अवश्य किया जाये। उन्होने कहा कि पूर्व सर्वे की अपेक्षा वर्तमान में जनपद की जनसंख्या में वृद्धि हुई है, इस लिये औद्योगिक, खनन, गांव, शहर एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया जाये। उन्होने कहा कि जिस वार्ड/बस्ती में बाल गणना की जा रही है उन क्षेत्र में अस्थाई निवास करने वाले, कूड़ा बीनने वाले, भिखारी, अनाथ, मलिन बस्तियों में रहने वाले एवं श्रमिक परिवारों के बच्चों को अवश्य शामिल किया जाये। उन्होने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की ऐसी बस्तियां जिनकी बालगणना यदि गतवर्ष नहीं हो पायी थी, तो उसके लिये विस्तृत कायोजना बनाकर उनकी बालगणना की जाये। उन्होने कहा कि बालगणना हेतु घर-घर सर्वेक्षण के दौरान भरे गये प्रपत्रों/ऑकड़ों का मिलान गतवर्ष की बालगणना के ऑकड़ों से अवश्य कर लिया जाये, जिससे की पता चल सकें कि वर्तमान में कितनी वृद्धि हुई है। उन्होने कहा कि विद्यालयी शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या नगर क्षेत्रों में अधिक होती है। इस लिये नगर क्षेत्रों की घनी आबादी को सेक्टरों में बाट कर घर-घर सर्वेक्षण/बालगणना की जाये। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि विकास खण्डवार चिन्हित ऑउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु कार्ययोजना तैयार करें जिससे की कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहें। जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को निर्देश दिये कि बाल श्रम करने वाले बच्चों को चिन्हित कर स्पष्ट डाटा तैयार करें। मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या ने बताया कि जनपद में निवासरत 03 से 18 आयु वर्ग के बच्चों की वर्ष 2023-24 की बालगणना की जानी है। उन्होने बताया कि बालगणना के संकलन में प्राथमिक व माध्यमिक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किया जायेगा। उन्होने बताया कि 20 अक्टूबर, 2023 से 15 नवम्बर, 2023 तक विकासखण्ड स्तर पर बालगणना कर प्रपत्र तैयार किये जायेगी।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

धान खरीद में उत्तराखण्ड सरकार हुयी फेल: बेहड़

उधम सिंह नगर के किसानों का हो रहा है उत्पीड़न

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके उत्तराखंड सरकार पर कड़े प्रहार किये तथा सरकार तथा प्रशाशन के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार धान की खरीद फरोक्त करने में बिलकुल असफल हो गयी है खासकर उधम सिंह नगर के किसानों का उत्पीडन किया जा रहा है किसानो को अपनी धान बेचने में दर-दर की ठोकरे खानी पड़ रही है और मजबूरी में किसान अपना धान औने-पौने दामों पर दलालों को बेचने पर विवश हो रहा है। सरकार द्वारा धान खरीद के क्रय केंद्र तो आवंटित कर दिए गए है किन्तु उनमें किसी प्रकार की खरीद फरोक्त नहीं की जा रही है और किसान का लगभग 40% धान ओने-पौने दामों पर बिक चूका है किसानो को एमएसपी का कोई भी लाभ नहीं मिल रहा है। कच्चे आढ़तियों का पंजीकरण करने में देरी होने के कारण किसानों को बहुत नुक्सान झेलना पड़ा है। उधम सिंह नगर का प्रशासन आंखे मूंदे हुए है तथा किसान सड़कों पर अपना रोष जाहिर करने को विवश हो रहे है। कृषि उत्पादन मंडी के बाहर दलाल खुले आम खरीद फरोक्त कर रहे है,प्रशासन नाकाम दिखता नजर आ रहा है। किच्छा कृषि उत्पादन मंडी में भी भारी संख्या में किसान अपनी धान की फसल को लेकर मंडी में बैठे हुए है और धान की तुलाई किसानो की संख्या को देखते हुए अत्यंत धीमी गति से की जा रही है कही न कही इसमें अधिकारियों की मिलीभगत नजर आ रही है और किसानो को मंडी में कई-कई दिन बैठना पड़ रहा है जिस कारण कुछ किसान मजबूर होकर अपनी धान दलालों को कम दामो पर बेचने पर विवश हो रहे है और अधिकतर किसान अपनी अगली फसल बोनें में भी लेट हो रहे है।

मिस नॉर्थ इंडिया सिमरन को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देश की प्रतिभावान बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में सम्पूर्ण विश्व में भारत का नाम रोशन कर रही हैं। इसी सभी बेटियों पर हर देशवासी नाज कर रहा है। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने मिस नॉर्थ इंडिया का ताज जीतने वाली रूद्रपुर निवासी सिमरन चौधरी को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर साथियों के साथ उनके आवास पर सम्मानित करने के बाद परिजनों से बातचीत करते कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में जब से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कनाडा दिया गया है देश की बेटियां हर क्षेत्र में विश्व में देश का नाम निरंतर रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में तो देश की बेटियों ने कई सफलताएं प्राप्त कर सम्पूर्ण विश्व को अपनी ओर आकर्षित किया है। वहीं सौंदर्य प्रतियोगिता, शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, प्रशासन, राजनीति, सेना, इंजीनियर सहित तमाम क्षेत्रों में बेटियां अपना लोहा मनवा रही हैं। श्री चुघ ने कहा कि पिछले कई दशकों से बोर्ड एवं सीबीएससी के परीक्षाफल में हमेशा बेटियों का प्रदर्शन उत्कर्ष रहा है।श्री चुघ ने सिमरन को आर्शीवाद देते हुए उसके परिजनों को सिमरन की इस सफलता पर बधाई दी। इस दौरान उनके साथ पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष उत्तम दत्ता, अमित गौड़, अतुल छाबड़ा, नीलकंठ राणा, शिवकुमार शिबू, राज कोली, दीपक राणा आदि मौजूद थे।

श्रद्धालुओं ने मां चामुण्डा देवी के दर्शन कर की पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति द्वारा श्री दुर्गा मंदिर रुद्रपुर से 32वी मां वैष्णो दरबार यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने गत दिवस हिमांचल प्रदेश में माँ चामुण्डा जी पहुँच कर दर्शन किये। माँ चामुंडा जी मंदिर में ध्वज मोहित बत्रा और महावीर का ध्वज पवन गाबा पल्ली, शिव शंकर जी का ध्वज सूरज नारंग काका ने चढ़ाया और माता रानी की चुन्नी राधा रानी फुटेला ने अर्पित की। उनके साथ सभी भक्त माता के जयकारे ओर माता रानी के भजन गाते हुए झूमते नाचते हुए माँ के दरबार मे गये। दर्शन करने वालो में यात्रा संयोजक वेद ठुकराल, महंत राजीव ठक्कर, किशन मेहता, विक्की कक्कड़, कथा वाचक लाडली, गीता कुशवाह, राजीव गौड़ , अमित दुआ, अंशु कक्कड़, किशन सुखीजा, विपिन अरोरा , पंकज शर्मा, नजीर सिंह ,रीता मेहता , एकता दुआ, ठाकुर ओम वीर सिंह, सुनीता सिंह , गीता सुखीजा , अशोक चोपड़ा, राजेन्द्र अग्रवाल, भावना सचदेवा, गीतिका सचदेवा, राम राजदेव, ऋषभ दुनेजा, रोहित , राकेश मण्डल, सौम्या, कपीश , ओम सचदेवा आदि माता के भक्त शामिल थे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र JAYANSH (पुराना नाम) से बदलकर JAYANSH ARORA (नया नाम) कर लिया है, अतः भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना पहचाना जाए। विपिन कुमार गली नम्बर 1 जैन कालोनी रुद्रपुर ऊधम सिंह नगर

कतारबद्ध छात्राओं ने एक दूसरे को जड़े जोरदार तमाचे

नोटबुक ना ले जाने पर सुनाई सजा, अभिभावकों को बताने पर दी प्रैक्टिकल में फेल करने की धमकी

काशीपुर(उद संवाददाता)। केलामोड़ के समीप स्थित एक विद्यालय में मामूली बात पर अध्यनरत छात्राओं को कतारबद्ध कर एक दूसरे को थप्पड़ मारने तथा अभिभावकों को बताने पर प्रैक्टिकल में फेल करने का एक हैरतअंगेज मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को जब अभिभावकों ने घेरा तो दोनों ने घटना पर खेद जताते हुए माफी मांग ली। गिरीताल कॉलोनी निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव कुमार आकाश के मुताबिक प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत केलामोड़ से कुंडेश्वरी की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित एक नामी गिरामी विद्यालय में उनकी पुत्री 12वीं की छात्रा है। बीते 11 अक्टूबर को छात्रा अदिति समेत कई छात्राएं स्कूल नोटबुक लेकर जाना भूल गई। इस बात पर टीचर ने छात्राओं को क्लास के बाहर निकाल कर उन्हें कतारबद्ध खड़ा कर दिया और पनिशमेंट के नाम पर एक दूसरे को जोरदार थप्पड़ मारने का हुक्म जारी किया। कहा कि ऐसा न करने पर प्रैक्टिकल में फेल कर दिया जाएगा। टीचर के द्वारा जारी फरमान सुनकर छात्राएं डर गई। उन्होंने एक दूसरे के गाल पर जोरदार तमाचे जड़ें। इस दौरान एक छात्रा ऐश्वर्या नेगी ने ऐसा करने से जब मना किया तो प्रधानाचार्य ने उसकी बुरी तरह पिटाई करते हुए उत्पीड़न की शिकार छात्राओं को घटना के बारे में परिजनों को बताने के नाम पर धमकी दे डाली। इस घटना के बाद से विद्यालय की छात्राएं बेहद सहमी हुई हैं। छात्राओं ने जब घटना की जानकारी रोते हुए परिजनों को दी तो अभिभावकों में विद्यालय के प्रबंधन व प्रधानाचार्य के प्रति आक्रोश उत्पन्न हो गया।

प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने जताया खेद,मांगी माफी

काशीपुर। देहरादून में वकालत करने वाले अधिवक्ता एच एस नेगी तथा काशीपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव कुमार आकाश इस मामले की शिकायत करने विद्यालय पहुंचे। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधक तथा प्रधानाचार्य मामले को शर्मनाक बताया। लीगल एक्शन लेने की बात पर विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक दोनों ने खेद जताते हुए अधिवक्ताओं से माफी मांग ली। विद्यालय के प्रबंधक से जब इस बारे में मोबाइल फोन पर जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने अनभिज्ञता जताते हुए इस तरह की किसी भी प्रकार की घटना से साफ मना कर दिया। आश्चर्य की बात है कि विद्यालय में घटी घटना के बारे में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के अलावा बाहर के लोगों को इसका पता चल गया लेकिन विद्यालय के प्रबंधक घटना से पल्ला झाड़ रहे हैं।

आढ़तियों व राइस मिलर्स से समन्वय स्थापित कर किसानों का धान समय से क्रय करवाए : डीएम

धान क्रय एजेंसियों को डीएम ने दिये दिशा निर्देश

खटीमा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मंडी समिति कार्यालय पहुंच कर धान खरीद के सम्बन्ध में मंडी सचिव व धान क्रय एजेंसियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान हमारे लिए सर्वोपरि है इस लिए ध्यान रखें की निर्धारित मूल्य से कम मूल्य पर किसी भी किसान का धान क्रय न हो। उन्होंने उप जिलाधिकारी व मंडी सचिव से कहा कि कच्चा आढ़तियों व राइस मिलर्स से समन्वय स्थापित कर किसानों का धान समय से क्रय करवाए। इस दौरान राइस मिलर्स के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने राइस मिलर्स के पदाधिकारियों से कहा कि समस्या का हर सम्भव समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी रविन्द्र बिस्ट, मंडी सचिव ललित पांडे, वरिष्ठ बिपरण अधिकारी जगदीश कलोनी आदि उपस्थित थे।



उत्तराखण्ड को ₹ 4200 करोड़ की परियोजनाओं का उपहार

इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, खेल एवं पर्यटन, आपदा प्रबंधन, बागवानी से जुड़ी कुल 23 विकास परियोजनाओं का

लोकार्पण

उत्तराखण्ड को महत्व देने के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद। हम निश्चित रूप से मोदी जी की आकांक्षाओं का उत्तराखण्ड बनाएंगे। प्रदेश के लिए उनका योगदान वृहद एवम् महत्वपूर्ण है। उत्तराखण्ड से उनका रिश्ता मर्म एवं कर्म का है। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

पुष्कर सिंह धामी



21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास। आज उत्तराखंड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है।

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

एवं शिलान्यास

प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी

के कर कमलों द्वारा

शिलान्यास

₹ 2845 करोड़ की 13 परियोजनाएँ

किसानों की आय में होगी वृद्धि

- 21398 पॉली-हाउस निर्माण की योजना
- उच्च घनत्व वाले सघन सेब बागानों की योजना

इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास

- राष्ट्रीय राजमार्गों पर 02 लेन एवं ढलान उपचार के 05 कार्य
- राज्य में 32 पुलों का निर्माण

आपदा प्रबंधन को मजबूती

- एसडीआरएफ के तहत अग्नि सुरक्षा बुनियादी ढांचे और बचाव उपकरणों को मजबूत करना
- देहरादून में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (SEOC) का अपग्रेडेशन
- बलियानाला, जनपद नैनीताल में भूस्खलन की रोकथाम हेतु उपचार

शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं का विस्तार

- 20 मॉडल डिग्री कॉलेजों में हॉस्टल और कंप्यूटर लैब का निर्माण
- सोमेश्वर, अल्मोडा में 100 बिस्तरों वाला उप जिला अस्पताल
- चंपावत में 50 बिस्तरों वाले अस्पताल ब्लॉक का निर्माण
- रूद्रपुर में वेलो-ड्रोम निर्माण कार्य
- स्पोर्ट्स स्टेडियम, हल्द्वानी में एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान का निर्माण

चार धाम की भांति मानसखंड के मंदिर क्षेत्रों का विकास

- मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत जागेश्वर धाम, हाट कालिका एवं नैना देवी मंदिर में अवस्थापना सुविधाओं का विकास

गरिमामयी उपस्थिति

पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड	**अजय भट्ट** केंद्रीय राज्य मंत्री
मंत्री, उत्तराखंड सरकार	**सांसद**
सतपाल महाराज	डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक'
गणेश जोशी	अजय टम्टा
प्रेमचंद अग्रवाल	कल्पना सैनी
सुबोध उनियाल	नरेश बंसल
डॉ. धन सिंह रावत	रेखा वर्मा
रेखा आर्या	
सौरभ बहुगुणा	

12 अक्टूबर, 2023 (बृहस्पतिवार)
समय : अपराह्न 2:30 बजे

स्थान : श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया
स्पोर्ट्स स्टेडियम, पिथौरागढ़

लोकार्पण

₹ 1349 करोड़ की 10 परियोजनाएँ

इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास

- पीएमजीएसवाई के तहत 76 सड़कें
- पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 25 पुल
- 09 जिलों में 15 ब्लॉक कार्यालय भवन
- केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत 03 सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य
  - कौसानी - बागेश्वर रोड
  - धारी - डोबा - गिरेछिना रोड
  - नगला - किच्छा एस एच रोड डबल लेन
- राष्ट्रीय राजमार्गों को 2 लेन एवं सुदृढ़ीकरण करने का कार्य
  - एन एच 309 बी - अल्मोड़ा - पेट्सल - पनुआनौला - दन्या
  - एन एच - टनकपुर - चल्थी
- प्रदेश में 39 पुल एवं देहरादून में यूएसडीएमए भवन

पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल और बिजली सुविधाओं की उपलब्धता

- 38 ग्रामीण पंपिंग पेयजल योजनाएं और 03 ट्यूबवेल आधारित पेयजल योजनाएं
- 419 ग्रामीण ग्रेविटी पेयजल योजनाएं
- थरकोट, पिथौरागढ़ में कृत्रिम झील
- 132 केवी पिथौरागढ़-लोहाघाट-चंपावत ट्रांसमिशन लाइन

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

इजराइल का समर्थन

इजराइल पर हमास के हमले के बाद भारत ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। प्रधानमंत्री ने इजराइल के प्रधानमंत्री से फोन पर बात कर उन्हें आश्वस्त किया कि भारत उनके साथ खड़ा है। भारत का यह रुख सिर्फ इसलिए नहीं है कि इजराइल से उसके रिश्ते काफी मजबूत हैं और दोनों देशों के व्यापारिक संबंध लगातार प्रगाढ़ होते गए हैं।बल्कि इस समय भारत ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि वह दुनिया में कहीं भी और किसी भी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ है। हमास एक आतंकवादी संगठन है और जिस तरह उसने इजराइल पर हमला किया और कई सौ लोगों को मार डाला, वह मानवता के विरुद्ध उठाया गया कदम है। हालांकि इजराइल ने हमास के इस हमले को युद्ध कहा और उस पर पलटवार करते हुए पूरे गाजा क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है।उसने हमास को नेस्तनाबूद करने का संकल्प दोहराया है। इस हमले के बाद दुनिया भर से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इस्लामी देशों के लामबंद होने और इजराइल के खिलाफ बड़े युद्ध की आशंका भी जताई जा रही है। अमेरिका ने इजराइल को मदद भेजनी शुरू कर दी है। ऐसे में फिर से दुनिया दो ध्रुवों में बंटती नजर आ रही है।मगर दुनिया के तमाम देशों की प्राथमिकताएं बदल रही हैं और वे सुरक्षा से अधिक अपने व्यापारिक रिश्तों को अहमियत देते देखे जा रहे हैं। इसलिए माना जा रहा है कि फिलस्तीन के समर्थन और इजराइल के विरोध में कोई बड़ी लामबंदी नहीं हो सकती। चूंकि हमास को ईरान की शह मिली हुई है, इसलिए उसके इजराइल के खिलाफ मैदान में उतरने की संभावना अधिक जताई जा रही है।मगर वैश्विक मंच पर आज कोई ऐसा देश नहीं है, जो इस तरह किसी आतंकी संगठन के पक्ष में उतरना चाहेगा। इजराइल की दुश्मनी फिलस्तीन से है। फिलस्तीन के हिस्से की जमीन इजराइल ने हथिया रखी है। इसे संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी सुलझाने का प्रयास किया गया, मगर इजराइल के रुख में कोई बदलाव नहीं आया। कोई भी लोकतांत्रिक देश इस तरह किसी देश के भूभाग पर कब्जा करने के प्रयासों को उचित नहीं ठहरा सकता। इसीलिए भारत भी शुरू से फिलस्तीन का पक्षधर रहा है। अब भी वह इजराइल के साथ जरूर है, मगर फिलस्तीन के हक के खिलाफ नहीं है। हालांकि प्रधानमंत्री के इजराइल के साथ खड़े होने की घोषणा पर विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया कुछ इस तरह आ रही है, जैसे भारत फिलस्तीन के विरोध में खड़ा है। दुनिया के अनेक देश आतंकवाद का निशाना झेल चुके हैं। अमेरिका, फ्रांस और भारत काफी बड़ा नुकसान उठा चुके हैं। भारत का काफी धन और ऊर्जा इससे निपटने में खर्च होती है। अमेरिका की जुड़वां मीनारों पर हुए आतंकी हमले के बाद जब दुनिया भर के देश आतंकवाद के खिलाफ युद्ध को वचनबद्ध हुए थे, तब भारत भी उनमें अग्रणी था। इसलिए वह कहीं भी हुए आतंकी हमले के विरोध में खड़ा रहता है। वह इजराइल और फिलस्तीन के झगड़े को बातचीत के आधार पर निपटाने का पक्षधर है। हमास जैसे आतंकी संगठनों को प्रश्रय देने के पक्ष में वह कभी हो ही नहीं सकता। इस तरह भारत ने पाकिस्तान और चीन को भी संकेत दिया है कि उन्हें चरमपंथ पर दोहरा रवैया छोड़ कर स्पष्ट रूप से इसके विरोध में खड़ा होना चाहिए। कहीं भी दो देशों के मतभेद आतंकवाद के जरिए नहीं मिटाए जा सकते।

आबकारी आयुक्त ने घरेलू बार लाइसेंस जारी करने पर लगाई रोक

देहरादून। घरेलू बार लाइसेंस का विरोध होने पर आबकारी विभाग को इस व्यवस्था पर रोक लगानी पड़ी। इस संबंध में बुधवार को आबकारी आयुक्त हरिचंद सेमवाल की ओर से रोक के आदेश जारी कर दिए गए हैं। पिछले दिनों देहरादून में एक व्यक्ति को घरेलू बार लाइसेंस जारी किया गया था। इसके बाद महिलाओं ने आबकारी विभाग की इस व्यवस्था का विरोध शुरू कर दिया। इस वर्ष की आबकारी नीति में घरेलू बार लाइसेंस की व्यवस्था की गई थी। इसके तहत बार लाइसेंस लेने वाले को 12 हजार रुपये प्रतिवर्ष लाइसेंस फीस के तौर पर आबकारी विभाग को चुकाने होते थे। इसके बाद वह घर में 50 लीटर तक शराब रख सकता था। इनमें भी वर्गीकरण किया था। इसके तहत नौ लीटर भारत में निर्मित अंग्रेजी शराब, नौ लीटर आयातित शराब, 18 लीटर वाइन और 15.6 लीटर बीयर रखने की अनुमति दी गई थी। इस व्यवस्था के तहत कुछ शौकीन लोग काफी रूचि भी दिखा रहे थे। इन्हीं में से एक को पिछले दिनों एक बार लाइसेंस जारी भी किया गया। लेकिन, इसका कुछ वर्गों और महिलाओं ने विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद आबकारी विभाग को इस व्यवस्था पर रोक लगाने का निर्णय लेना पड़ा। संयुक्त आयुक्त आबकारी बीएस चौहान ने बताया कि आयुक्त हरिचंद सेमवाल ने बुधवार को आदेश जारी किए हैं। फिलहाल इस व्यवस्था पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। बता दें प्रदेश में कोई भी व्यक्ति केवल नौ लीटर शराब का परिवहन कर सकता है। जबकि, घर में भी इससे ज्यादा शराब रखना आबकारी अधिनियम के विरुद्ध है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की जाती है।

विधायक अरोरा ने किया श्री रामलीला लीला का शुभारंभ

रामलीला मंच के सौंदर्यीकरण के लिए दस लाख देने की घोषणा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा इंद्रा कालोनी में आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन कल का भव्य शुभारंभ विधायक शिव अरोरा ने फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व पंडित शुभम शर्मा द्वारा विधिवत रूप से पूजन कराया गया। विधायक शिव अरोरा ने लीला के मंचन का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह बहुत पवित्र मंच है जहां पर प्रभु श्री राम जी की लीला का मंचन होता है, इस मंच से जो भी मांगो वह मिलता है क्योकि जब मैं सिर्फ चार्टर्ड अकाउंटेंट था तब से इस मंच पर आ रहा हूं और यह प्रभु श्री राम जी की ही कृपा है जो उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचा है, प्रभु श्री राम जी की कृपा एवं रुद्रपुर की जनता ने एक साधारण आदमी को विधायक बनाया, उन्होने सभी राम भक्तों से प्रभु श्री राम जी की लीला का मंचन देखने एवं उनके विचारों को अपने अंदर आत्मसात करने का आव्हाहन किया। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा विधायक अरोरा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक द्वारा श्री रामलीला मंच के सौंदर्यीकरण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। श्री शिव नाटक क्लब के कलाकारों द्वारा पहले दिन नारद की तपस्या से लेकर नारद मोह तक की लीला का बहुत ही सुंदर मंचन किया गया, जिसमें नारद की भूमिका सनी कक्कड़, इंद्र विशाल गुंबर, कामदेव आदित्य कुमार, शीलनिधि पुष्कर नागपाल, शंकर संदीप सिंह, ब्रह्मा की भूमिका विशान्त भसीन ने निभाई। इस अवसर पर उनके साथ नगर निगम के पार्षद रणजीत सागर ,चेतन अरोरा, मयंक कक्कड़, विकास बठला, विकास सागर, डंपी चोपड़ा, श्री शिव नाटक के सरपरस्त हरबंस ठुकराल, स मंगत सिंह खुराना, राजकुमार परुथी, सूरज प्रकाश सुखीजा, नरेश शर्मा, रमेश गुलाटी, यशपाल गुलाटी, चंद्रमोहन गावड़ी, मीडिया प्रभारी भरत शाह, अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महासचिव राजकुमार भुसरी, उपाध्यक्ष बिट्टू अरोरा, अवतार सिंह खुराना, सचिव भारत हुड़िया, विजय परुथी, निर्देशक नरेश घई, जीतू गुलाटी, सन्नी घई, ,प्रचार मंत्री, जगमोहन अरोरा, राजीव भसीन, प्रवीण बत्रा, राजीव झाम,विशान्त भसीन, गौरव गांधी, राकेश तनेजा, अनमोल अरोरा, अरुण अरोरा, अमर परुथी, राजदीप बठला, बंटी मुंजाल, मनोज बाठला, वरुण जलहोतरा, राहुल अरोरा, कृष गावडी आदि उपस्थित थे।

माउंट लिट्रा जी स्कूल की बालिकाओं ने लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।प्रथम उत्तराखंड खेलो इंडिया पेंचक सिलाट महिला प्रतियोगिता आर ए एन पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई, जिसका आयोजन सेक्रेटरी जनरल बबलू दिवाकर तथा उनकी टीम द्वारा कराया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. डी.के. सिंह रहे ।डॉ. डी.के. सिंह ने बच्चों को फोन से दूर रहकर ग्राउंड गेम में अपनी प्रतिभा दिखाने की बात कही।इस प्रतियोगिता में माउंट लिट्रा जी स्कूल रुद्रपुर की तरफ से कुल 16 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें अवनी, हर्षिका व विधि ने कांस्य पदक, दीक्षा, अवनी ,स्वाति, सचिता ने रजत पदक तथा आइजा, रिद्धिमा , आशी ,आराध्या , सानवी ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाते हुए नॉर्थ जोन के लिए क्वालीफाई किया। माउंट लिट्रा के खेल प्रशिक्षक हितेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए , नॉर्थ जोन के लिए चयनित खिलाड़ियों को कठिन प्रशिक्षण तथा अच्छे प्रदर्शन का भरोसा दिलाया , जिसमें उनकी अकादमी के दो बच्चे उन्नति व अपर्णा भी शामिल है।

Khelo India Women's League
Organized by
ENCAK SILAT AS CIAT

चौपाल में ग्रामीणों ने उठाई विभिन्न समस्याएं

गदरपुर(उद संवाददाता)। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत कनकटा में भ्रमण एवं चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान लोगों ने बदहाल सड़कों,नाली निर्माण, जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन दिये जाने की मांग उठाई ।अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को तुरंत समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत विकास खण्ड गदरपुर की ग्राम पंचायत कनकटा के ग्राम कनकटा में अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह के द्वारा भ्रमण एवं चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल में अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह ने ग्रामवासियों के द्वारा लिखित एवं मौखिक रूप से प्रस्तुत की गई शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। चौपाल में ग्रामवासियों को ग्रामीण स्वच्छता बैठकों में प्रतिभाग,छात्रों के प्रमाण पत्र बनवाने,जल का सदुपयोग आदि पर जागरूक रहने की जानकारी दी गई। इस दौरान काफी संख्या में सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों ने गदरपुर;सकैनिया मुख्य रोड से कनकटा तक रोड के पुनर्निर्माण, ग्राम खानपुर कलकत्ता में मार्ग निर्माण, कनकटा में निकास नाली के निर्माण, पेयजल की उपलब्धता को लेकर अपनी समस्याएं रखी गईं। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष गुरविंदर सिंह विर्क ने अधिकारियों को बताया,गदरपुर सकैनिया मार्ग से छोटा कनकटा से लेकर बड़े कनकटा तक मार्ग की हालत खस्ता हाल है उन्होंने अधिकारियों से तुरंत सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की । इस मौके पर उपजिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट, खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी, ग्राम प्रधान गुरविंदर सिंह विर्क, पूर्ति निरीक्षक हरीश चंद्र,ग्राम विकास अधिकारी मुदस्सिर अहमद, पूनम पनेरू, दीपक असगोला, अमित मेहरा, ओ पी भट्ट सहित विभिन्न विभागों से पहुंचे अधिकारी/कर्मचारी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे ।

अमृत कलश के साथ निकाली यात्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)। चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्या एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 दीपिका गुड़िया आत्रेय के निर्देशन में 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' के अन्तर्गत स्वंयसेवियों से घर की मिट्टी एवं चावल को अमृत कलश में भरकर महाविद्यालय परिसर के भीतर कलश यात्रा निकाली गयी। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी रा0से0यो0 एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 वन्दना सिंह द्वारा समस्त स्वंयसेवियों एवं प्राध्यापकगणों को पंच-प्रण-प्रतिज्ञा शपथ-ग्रहण करायी गयी। समस्त अमृत कलश को शौर्य दीवार के समीप रखकर वीरों की शहादत को याद किया गया। इस अवसर पर असि0 प्रोफेसर डॉ0 गीता मेहरा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 मन्जु सिंह, डॉ0 रमा अरोरा, असि0 प्रोफेसर डॉ0 दीपा चनियाल, डॉ0 रंजना, डॉ0 मंगला, डॉ0 ज्योति गोयल, डॉ0 ज्योति रावत, श्रीमती प्राची धौलाखण्डी, शीतल अरोरा, डॉ0 मीनाक्षी पंत, श्रीमती कृति टण्डन, शिवानी साह, पवन कुमार, सृष्टि सिंह आदि उपस्थित रहे।

स्पा सेंटरों का किया औचक निरीक्षण,पांच का चालान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल द्वारा क्षेत्र के स्पा सेन्टरों में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनियमितता पाये जाने पर पांच स्पा सेंटरों का 83 पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। जानकारी के अनुसार एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा वरिष्ठ द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत उनि. दीपा भट्ट प्रभारी एण्टी ह्यूमैन ट्रैफिकंग फोर्स के नेतृत्व में टीम द्वारा हल्द्वानी क्षेत्र के स्पा सेन्टरों मे दबिशे व चौकिंग की गई। इस दौरान राहुल जसवाल पुत्र संजय जसवाल एमजे स्पा गुरु हरि कृष्ण काम्प्लेक्स नैनीताल रोड, श्रीमती पूजा देवी पत्नी पप्पू गोल्ड स्पा दुर्गा सिटी सेन्टर, मनीष खाती पुत्र एचएस खाती रिलेक्स स्पा सेन्टर, अमित डाबर पुत्र पूरन चन्द्र डाबर गोल्डन स्पा सेन्टर, योगेन्द्र सिंह पुत्र विजयपाल सिंह योर स्पा दुर्गा सिटी सेन्टर में पुलिस टीम के द्वारा चौकिंग की गयी तो उपरोक्त स्पा सेन्टरो में अपूर्ण प्रविष्टि पायी गई तथा स्पा सेंट्रो के कर्मचारियों द्वारा पहचान पत्र एवं सत्यापन सम्बन्धी विवरण प्रस्तुत नहीं किए गए तथा एन्ट्री ग्राहक रजिस्टर में डिटेल कोड अंकित नही की गयी थी। जिस कारण उपरोक्त स्पा सेन्टरों मे अनियमितता पाये जाने पर पांच पांच हजार रुपये के दो नगद चालान तथा दस दस हजार रुपए के तीन चालान किये गये।

रामलीला से पूर्व किया गणेश पूजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री रामलीला संचालन समिति द्वारा रामलीला के प्रथम दिन श्री गणेश जी के पूजन के साथ शुभारंभ कर दिया गया। कार्यक्रम से पहले शहर के गणमान्य व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठित संस्थानों के सदस्यों के बीच एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 18 दिवसीय रामलीला संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं पर परिचर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामलीला संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट बिन्देश गुप्ता ने सभी धर्म प्रेमी जनता से आह्वान किया कि रामलीला संचालन से संबंधित कार्य सभी संस्थाएं एवम उपस्थित रामभक्त जनता मिलकर श्री रामलीला के संचालक को संपन्न करवाएंगे। बैठक को रामलीला संचालन समिति के सदस्य विनीत अग्रवाल ने संचालित किया। गणपति पूजन व्यास मंच से पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री जी द्वारा कराया गया। बैठक में भारत विकास परिषद, वैश्य महासभा के अलावा नगर की तमाम प्रतिष्ठित संस्थाएं गो ग्रीन गो क्लीन, विश्व हिंदू परिषद, देवभूमि फार्मासिस्ट एसोसिएशन, युवा वैश्य महासभा, राष्ट्र सेविका समिति, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल, बजरंग दल तथा विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संस्थाओं के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। गणपति पूजन समारोह में विधायक सुमित हृदयेश और नगर मजिस्ट्रेट एवम रामलीला कमेटी की रिसीवर ऋचा सिंह तथा नगर के तमाम सामाजिक संगठन तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से भोलानाथ केसरवानी, आलोक शारदा, राजीव जायसवाल, प्रदीप बिष्ट, रीतेश जोशी, नीमा अग्रवाल तथा रामलीला संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य पीवी गुणवंत, वेद प्रकाश अग्रवाल, विवेक कश्यप, भवानी शंकर नीरज, अतुल अग्रवाल, मनोज गुप्ता, तनुज गुप्ता, दिन की लीला के प्रबंधक अमित जोशी, साकेत अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, प्रदीप जनौटी, विजय भट्ट, अनुभव गोयल, अतुल अग्रवाल, कपिल अग्रहरी, अतुल जायसवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अतुल अग्रवाल द्वारा किया गया। आज श्री रामलीला संचालन में नारद मोह तथा रावण जन्म की लीला का मंचन किया जायेगा।

बाहरी व्यापारियों पर कार्रवाई की मांग को ज्ञापन सौंपा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महानगर ने शहर के बीचों-बीच मुख्य बाजार के मार्गों पर अतिक्रमण बहुत ही अधिक फैलते जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए बाहरी व्यापारियों पर कार्रवाई की मांग करते सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है। अध्यक्ष योगेश शर्मा महामंत्री मनोज जायसवाल ने कहा कि बाहरी क्षेत्रों के व्यक्तियों द्वारा मुख्य बाजार में बहुत अधिक ठेले लगाए जा रहे है। यहां तक कि अब राहगीर को भी चलने में परेशानी होने लगी है और आए दिन बदतमीजी जैसी घटनाएं हो रही है। स्थाई रूप से ठेले व अतिक्रमण पर ठोस कार्रवाई करी जाए। उन्होंने कहा बाजार के अंदर ठेले की संख्या निर्धारित कर प्रतिबंध किए जाए क्योंकि सड़क पर अधिकार निगम व प्रशासन का है। आगे कई त्यौहार होने की वजह से बाजार पर बहुत अधिक दबाव रहता है। अधिक भीड़ होने की वजह से बाजार में चोरी चकारी, झपट्टा मारी की संभावना बनी रहती है। बाजार के मार्गों पर सफेद रंग की पट्टी से मार्क कर दिया जाए। यदि कोई व्यक्ति पट्टी पर किसी प्रकार का अतिक्रमण करता है तो उस पर ठोस कार्रवाई की जाए। शहर में टू व्हीलर, फोर व्हीलर की अधिक पार्किंग की व्यवस्था भी उपलब्ध करवाई जाए। त्यौहारों मे बाजार क्षेत्र में उचित सुरक्षा की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष योगेश शर्मा महामंत्री मनोज जायस वाल, संगठन मंत्री उपेंद्र कनवाल, प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना ,पवन सागर, अतुल प्रताप सिंह, बृजेश तिवारी, अंकुर ओबरॉय ,विनोद जोशी, संतोष जायसवाल आदि शामिल रहे।

दो वारंटी अतिक्रमणकारी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण करने के मामले में न्यायालय के समक्ष नियत तिथि मैं प्रस्तुत न होने वाले दो अतिक्रमणकारियो को बनभूलपुरा थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक सडकों पर अनधिकृत रूप से अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण करने के संबंध में थाना बनभूलपुरा पुलिस द्वारा अतिक्रमण कारियो के विरुद्ध पूर्व में पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान कर चालानी रिपोर्ट न्यायालय प्रेषित की गई थी।जिस पर न्यायालय द्वारा संबंधित अतिक्रमणकारियो को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने हेतु सम्मन जारी किए गए थे। जब नियत तिथि मैं अतिक्रमणकारी द्वारा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुए तो न्यायालय द्वारा संबंधित के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किए गए। जिसके अनुपालन में नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा वारंटी अतिक्रमणकारी लाईन नंबर 8 निवासी मौ. इलियास व अनवर अली को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री तुलसी धाम सेवा समिति की ओर से मल्सा स्थित श्री तुलसी धाम में आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में श्रद्धालु पूरी रात भजनों पर झूमते रहे। संकीर्तन का शुभारम्भ तुलसी धाम के गद्दीनशीन स्वामी श्री राजेन्द्र जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात भजनों का सिलसिला शुरू हुआ। संकीर्तन में ग्वालियर से आई भजन गायिका वैष्णवी शर्मा, पीलीभीत से आये सुलभ आनन्द और रूद्रपुर के भजन गायक राघव शर्मा ने अपने भजनों से श्याम बाबा का गुणगान कर श्याम प्रेमियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरी रात चले संकीर्तन में भव्य दरबार के साथ ही भव्य श्रृंगार, अखण्ड ज्योति, छप्पन भोग, इत्र वर्षा, और फूलों की होली आकर्षण का केन्द्र रहे। संकीर्तन से पूर्व भण्डारा भी आयोजित हुआ जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भव्य आयोजन में आये सभी श्रद्धालुओं का स्वामी राजेन्द्र जी महाराज ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने संकीर्तन में आये भजन गायकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विकास शर्मा, सोनू खुराना, पंकज गांधी, कुनाल बांगा, पारस, वेद प्रकाश खुराना, शिव चावला , राजू चावला, हनी बांगा, टीनू बंगा, हरीश बांगा, रुद्रपुर बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल, महामंत्री साहिल आहूजा, कोषाध्यक्ष शिवम तागरा, सुमित सहगल, तुषार आहूजा आदि समेत सैकड़ों श्रद्धालु थे।

आश्वासन पर छात्रों ने धरना समाप्त किया

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय सिसौना में चल रहा छात्रों का अनिश्चितकालीन धरना महाविद्यालय प्राचार्य के शीघ्र मांगे पूर्ण होने के आश्वासन पर आन्दोलनरात छात्रों ने समाप्त कर दिया। इस अवसर पर धरना स्थल पर पहुंचे प्राचार्य सुभाष वर्मा ने सभी धरना दे रहे छात्रों को आश्वस्त किया कि उनकी पांचो मांगों को आगामी बुधवार तक पूर्ण कर दिया जाएगा। एवं महाविद्यालय में जो भी खामियां होंगी उनका भी जल्द से जल्द निस्तारण किया जाएगा। जिस पर छात्रों ने सहमति जताते हुए धरने को समाप्त कर दिया। इस मौके पर छात्र संघ कोषाध्यक्ष तुषार शर्मा, सेवक, धर्मेश जोशी, सुजाय, अमन हालदार, संजय लोहनी, छात्रा उपाध्यक्ष आरती कश्यप आदि छात्र मौजूद रहे।

कराटे प्रतियोगिता में खटीमा की महिला व पुरुष की टीमें रही विजेता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय महिला पुरुष प्रतियोगिता 2023 -24 कुमाऊं विश्वविद्यालय कीड़ा विभाग के दिशा निर्देशन में चाणक्य लॉ कॉलेज द्वारा श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में कुमाऊं विश्वविद्यालय की कराटे महिला पुरुष अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिला वर्ग में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा विजेता जबकि पुरुष वर्ग में हेमवती नंदन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा विजेता रही। उद्घघाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर डीके सिंह महासचिव उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन ने पहले सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय लगातार अपनी प्रतियोगिताएं कर खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का प्रयास कर रहा है। पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि नरेश दुर्गा पाल नगर आयुक्त नगर निगम रुद्रपुर ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के ऐसे आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया और सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर सुरेश चंद्र पांडे, गिरीश कुमार और आयोजक संस्थान के एमडी रविंद्र सिंह बिष्ट, अनिल कुमार, पवन कुमार ,अनुज कुमार, रघुवीर सिंह विर्क, सुरेश चंद लिस्ट मौजूद थे। ऑफिशियल के कार्य में लक्ष्मण सिंह , बलवंत सिंह, विजय रावत ,संतोष भट्ट, वीरेंद्र राठौड़ सहित सभी ऑफिशियल ने इस प्रतियोगिता को संपादित किया। कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि महिला वर्ग में 45 किलो भार वर्ग में कुमारी नेहा जोशी खटीमा गोल्ड मेडल, कुमारी आरती नैनीताल सिल्वर मेडल, 50 किग्रा वेट में कुमारी सुनीता खटीमा गोल्ड मेडल, कुमारी प्रतिभा परिहार पाल कॉलेज हल्द्वानी सिल्वर मेडल, 68 केजी वेट में निष्ठा खटीमा गोल्ड मेडल, कुमारी स्वाति वर्मा हल्द्वानी सिल्वर मेडल, 68 केजी वेट में योगिता मुखिया खटीमा गोल्ड मेडल और कुमारी सिमरनजीत रुद्रपुर सिल्वर मेडल, 55 केजी वेट में सुमन बोरा रुद्रपुर गोल्ड मेडल और कुमारी रिया बृजवासी नैनीताल सिल्वर मेडल, खटीमा ने महिला वर्ग में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।पुरुष वर्ग में 50 केजी भार ग्रुप में विवेक शर्मा डीएसबी नैनीताल गोल्ड मेडल, मयंक रुद्रपुर सिल्वर मेडल, 55 केजी वेट में जतिन चढ़ा खटीमा गोल्ड मेडल, रोहित रुद्रपुर सिल्वर मेडल, 60 केजी वेट में अंकित रुद्रपुर गोल्ड मेडल और रोशन चंद्र खटीमा सिल्वर मेडल,67 केजी वेट में नितिन जोशी खटीमा गोल्ड मेडल और विभोर भट्ट नैनीताल सिल्वर मेडल, 75 केजी वेट में लोकेश सिंह भंडारी खटीमा गोल्ड मेडल, गगनप्रीत सिंह रुद्रपुर ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंत में प्रतियोगिता के आयोजन अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट द्वारा सबका आभार व्यक्त कर प्रतियोगिता की समाप्ति की घोषणा की गई।

शॉपिंग काम्पलेक्स से बाइक चोरी

रूद्रपुर । नैनीताल रोड स्थित श्री गुरू अंगदेव कॉम्पलेक्स स्थित पार्किंग से मोटरसाईकिल चोरी हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुभाष नगर लालकुंआ निवासी अब्दुल मजीद पुत्र अब्दुल रशीद खरीददारी के लिए विशाल मेगामार्ट आया था। उसने अपनी मोटर साइकिल सं0 यू0के0-04-एस0-2886 को पार्किंग यार्ड में पार्क किया और मार्ट में चला गया। जब वापस लौटा तो बाइक गायब थी।

ट्रक में भड़की आग, लाखों के टायर खाक

गदरपुर(उद संवाददाता)। सीएफसी जाफरपुर गोदाम से ट्रक में टायर लेकर काशीपुर की ओर जा रहे ट्रक में महतोष चौकी के आगे पहुंचते ही आग लग गयी। आग इतनी फैल गई कि तीन अग्निशमन गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए मौके पर बुलाना पड़ा। सूचना मिलने पर महतोष् चौकी प्रभारी ओमप्रकाश 112 गाड़ी सहित मौके पर पहुंच गये और आग बुझाने में एनडीआरएफ की भी मुख्य भूमिका रही। जलने वाले टायरों की कीमत लगभग 80 लाख बताई जा रही है। सूचना मिलने पर सीएफसी जाफरपुर गोदाम से एच आर दिलीप सरकार के साथ कर्मचारी सूरज कुमार,रवि कुमार, राजपाल गंगवार,सुमित शर्मा सहित कर्मचारी मौके पर पहुंच गये। वहीं डीएफओ रुद्रपुर ईशान कटारिया,एफएसओ गिरीश सिंह बिष्ट कर्मचारियों सहित आदि कई लोग शामिल थे। ट्रक में आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया।

पेज एक का शेष...

सनातन धर्म के ...स्व. मिड्डा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके पुत्र बालकृष्ण मिड्डा एवं रमेश मिड्डा शहर के बड़े उद्योगपति हैं। उनके द्वारा एमबी प्लाईवुड और रूद्रा होटल विगत लम्बे समय से संचालित किया जा रहा है। दिवंगत हरिचंद मिड्डा जीवन भर समाजसेवा और धार्मिक कार्यों के लिए समर्पित रहे। शहर में होने वाले धार्मिक आयोजनों में उनकी विशेष भूमिका रहती थी। जाते जाते भी वह अपने नेत्रदान करके दो लोगों को रोशनी दे गये। हरिचंद मिड्ड़ा के निधन के पश्चात उनके परिवार द्वारा उनकी इच्छानुसार नेत्रदान के लिए भारत विकास परिषद रुद्रपुर से संपर्क किया। तत्पश्चात सी एल गुप्ता आई बैंक, मुरादाबाद की टीम द्वारा सफलता पूर्वक नेत्रदान प्राप्त किया गया। स्व.हरी चंद मिड्डा को उनके द्वारा जीवन पर्यंत किए गए सेवा कार्यों एवम जाते हुए किए गए इस महादान नेत्रदान के लिए हमेंशा याद किया जायेगा।

उधार दिये पैसे...दिया और गाली - गलौच व अभद्रता करने लगा। जब आपत्ति जताई तो विवेक कोली ने अपने भाई अमन कोली व अपने चाचा सुरेश कोली को मौके पर बुला लिया और पंकज पर ईंट - पत्थर फेंककर मारने लगे, जिससे पंकज के सिर व शरीर पर खुली व गुम चोटें आयी हैं। घटना की जानकारी मिलने पर आकाश कोली, सचिन कोली, रोहित कोली जब पंकज को बचाने के लिए गये तो उक्त लोगों ने उन पर भी पथराव कर दिया। जिससे आकाश कोली व रोहित कोली भी चोटिल हो गये। पंकज कोली को गम्भीर अवस्था में निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। विवेक कोली, अमन कोली व सुरेश कोली ने जान से मारने की धमकी भी दी है जिससे परिवार को जान माल को सख्त खतरा उत्पन्न हो गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

'हिमालय' की गोद में आकार लेती एक नई 'आपदा'

प्रकृति दोहरा सकती है केदारनाथ आपदा पार्ट- 2, सिंचाई अनुसंधान रुड़की के अध्ययन से हुआ खुलासा, हिमनद झीलों के आकार में हो रही लगातार, वृद्धि 20 से 40प्रतिशत तक बढ़ा आकार

-अर्श-

रूद्रपुर। हिमालय की गोद में इन दिनों सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। सिंचाई अनुसंधान रुड़की के विशेषज्ञों द्वारा किए गए अध्ययन से निकले निष्कर्ष की मानें तो हिमालय की गोद में धीरे-धीरे एक नई आपदा आकर ले रही है, जिसकी परिणीति जून 2013 में उत्तराखंड में आई केदारनाथ आपदा जैसी अथवा उससे भी भयावह हो सकती है ।बताना होगा कि सिंचाई अनुसंधान संस्थान रुड़की के पर्यावरण विज्ञानी मानसून कल में सुदूर हिमालय क्षेत्र में स्थित हिमनद झीलों अर्थात ग्लेशियरों का बेहद सूक्ष्म पर्यवेक्षण करते हैं। सिंचाई अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों ने इस बार के मानसून सीजन में हिमालय क्षेत्र में स्थित ग्लेशियरों के अध्ययन के दौरान यह बात खास तौर से नोट की है कि हिमालय स्थित अनेक हिमनद झीलों के आकार में लगातार वृद्धि हो रही है और कुछ हिमनद झीलों में तो 20 से 40प्रतिशत तक की वृद्धि देखने में आई है। हिमनद झीलों में जल प्रसार अगर इसी रफ्तार से होता रहा, तो इन झीलों में विस्फोट की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में हिमालयन राज्यों विशेष कर उत्तराखंड एवं हिमाचल प्रदेश को बड़े खतरे का सामना करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि सिंचाई अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों ने पिथौरागढ़ जिले के 43 और चमोली जिले के 192 ग्लेशियरों जल प्रसार क्षेत्र में होने वाली वृद्धि का रिमोट सेंसिंग तकनीक से इस मानसून सीजन में विशेष रूप से अध्ययन किया तथा अपने आंकड़ों एवं निष्कर्ष को राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआर एससी) से साझा किया और एनआरएससी ने वर्ष 2016 के आंकड़ों

से मौजूदा स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन करने के बाद इस बात की पुष्टि की है कि अगर यह कम यूं ही जारी रहा तो विभिन्न प्राकृतिक आपदाएं, हिमस्खलन, भूस्खलन ,हिमनद झीलों में विस्फोट आदि के कारण केदारनाथ एवं सिक्किम जैसी बाढ़ आ सकती है ,जो भीषण तबाही का सबब बन सकती है। पर्यावरण विज्ञानियों का यह निष्कर्ष इसलिए भी चिंता का विषय है क्योंकि आंकड़ों के अनुसार एक हेक्टेयर की 7 हिमनद झीलों, 5 हेक्टेयर की 9 एवं 5 से 10 हेक्टेयर की दो तथा 10 हेक्टेयर के की चार हिमनद झीलों के जल प्रसार क्षेत्र में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी तथा 1 से 5 हेक्टेयर की चार हिमनद झीलों में 20 से 40प्रतिशत की बढ़ोतरी नोट की गई है। स्पष्ट है कि हालात धीरे-धीरे बेहद चिंताजनक होते जा रहे हैं तथा इस मसले में अब अधिक सटीक वैज्ञानिक निगरानी की आवश्यकता है। ताजा स्थिति पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जलवायु वैज्ञानिक डॉ। रॉक्सी मैथ्यू कोल कहते हैं, "हम जानते हैं कि अत्यधिक बारिश और बाढ़ की संभावना बढ़ गई है। महासागर के गर्म होने से क्षेत्रीय नमी का स्तर बढ़ जाता है ।कम दबाव वाले क्षेत्र में अधिक नमी बढ़ गई, जिससे भारी बारिश हुई ।लेकिन हमारे पास यह बताने के लिए निगरानी की कमी है कि वास्तव में क्या हुआ, किस हद तक जलवायु परिवर्तन हुआ । हम जानते हैं कि हिमालय में बादल फटने का खतरा है, लेकिन हॉटस्पॉट का पता नहीं लगाया जा सकता इसलिए उचित निगरानी की जरूरत है। दूसरी ओर हिमालय स्थित ग्लेशियरों पर शोध को और अधिक बढ़ाए जाने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए डॉ। अंजल प्रकाश सरल शब्दों में बताते हैं, "जलवायु-संवेदन शील क्षेत्रों की सूक्ष्म समझ के लिए अधिक शोध महत्वपूर्ण है। 54,000 से अधिक हिमालय के ग्लेशियरों में से बहुत कम की निगरानी की जाती है। इसका मतलब है कि निगरानी की कमी और जानकारी के अभाव में आपदाएं बढ़ती रहेंगी।वैज्ञानिक निगरानी नीति गत निर्णयों का आधार बनना चाहिए और फिलहाल इसकी अभी कमी है।

दुकान से हजारों का माल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सब्जी मण्डी के पास स्थित मोबाइल की दुकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर नये और पुराने मोबाइल सहित हजारों का माल चोरी कर लिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रम्पुरा वार्ड नं. 23 निवासी योगेन्द्र कुमार पुत्र सतीश कुमार की नैनीताल रोड सब्जी मण्डी गेट पर योगी इंटरप्राईजेज नाम से मोबाइल की दुकान हैं बीती रात चोरों ने दुकान में धावा बोलकर नये और रिपेयरिंग के लिए आये पुराने मोबाइल, घड़िया व मोबाइल एसेसरीज चोरी कर लिये। पीड़ित व्यापारी के मुताबिक चोरों ने 80 हजार से अधिक का माल चोरी किया है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। वही घटना की सूचना पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा समेत तमाम व्यापारी भी मौके पर पहुंच गये। व्यापारियों ने चोरी की घटना पर रोष व्यक्त करते हुए घटना के खुलासे और बाजार में गश्त बढ़ाने की मांग की।

पुण्य तिथि पर अधिवक्ता स्व. मेहंदीरत्ता को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर(दर्पण संवाददाता)। अधिवक्ता एवं समाजसेवी स्व. पीपी मेंदीरत्ता की तीसरी पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। आज आवास विकास स्थित विधि निवारण फर्म के कार्यालय में तमाम लोग एकत्र हुए और स्व. मेंदीरत्ता को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि क्षेत्र के जाने माने अधिवक्ता श्री पी0पी0 मेहंदीरत्ता का देहान्त पिछले वर्ष 12 अक्टूबर 2020 को हो गया था। श्री मेहंदीरत्ता की क्षेत्र के जाने माने अधिवक्ता के रूप में गिनती होती थी। श्री मेंहदीरत्ता ने वकालत से पूर्व भारतीय वायु सेना में भी वर्ष 1960 से 1966 में सेवाएं दी व 1962 व 1965 भारत, चीन एवं पाकिस्तान के विरूद्ध युद्धों में भी अपनी सेवाएं दी। श्री मेहंदीरत्ता सन 1969 से वकालत करते हुये जनता की सेवा कर रहे थे और अन्तिम सांस तक वह इसी पेशे से जुडे रहे। उनकी मंशा थी कि आम जनता को विभिन्न क्षेत्रों में कानूनी जानकारी के लिये इधर उधर भटकना न पड़े और उन्हे एक ही स्थान पर एक ही छत के नीचे सारी सुविधा उपलब्ध हो सके। स्व0 मेहंदीरत्ता जी को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से उनके पुत्र अमित मेहंदीरत्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर कानूनी जानकारी देने के उद्देश्य से विधि निवारण फर्म बनाई हुई है। इसमें दिल्ली सहित कई मुख्य शहरों के अधिवक्ताओं अपनी सेवाएं दे रहे है।ताकि लोगों को अलग-अलग शहरों के लिये भागना न पड़े उन्हे एक ही स्थान और एक ही छत के नीचे कानूनी जानकारी और सेवाएं उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर श्रीमती चंचल मेंहदीरत्ता, अमित मेंहदीरत्ता एडवोकेट, श्रीमती रश्मि मेंहदीरत्ता, सान्या मेंहदीरत्ता, निकुंज मेंहदीरता, मनीष सलूजा, रोहित अरोरा एडवोकेट, देवांश गांधी एडवोकेट, एचपी एस भिन्दर एडवोकेट, प्रवेश, सुनील ढल्ला,शुभम ढल्ला, राजेश बत्रा आदि थे।

SAMSUNG DAIKIN SONY BOSCH dyson IFB DELL Haier JBL MITSUBISHI ELECTRIC Whirlpool AMSTRAD VOLTAS SANSUI
गुरू माँ
महा इलेक्ट्रॉनिक उत्सव
सबसे कम दाम की गारंटी
सबसे ज्यादा 22% तक कैशबैक
अब मिलेगा Online से भी सस्ता
गुरू माँ
GURU MAA ELECTRONICS
RUDRAPUR I 9917161111-8410888888
गदरपुर
गुरू नानक इन्टर प्राईजेज
(9917161111) (8410888888)
काशीपुर
चीमा चौराहा रामनगर रोड
(9927813555) (8791989500)
हल्द्वानी
तिकोनिया पीलीकोठी
(9997207007) (9690256666)